# स्थानीय उत्पादों को देंगे प्राथमिकता : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा, भदोही लेकर आएंगे पूरी दुनिया का कालीन बाजार

अमर उजाला ब्यूरो

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कालीन नगरी को कारपेट एक्सपो मार्ट समेत 197.21 करोड़ की सौगात दी। कहा कि कारपेट एक्सपो मार्ट के जरिए दुनिया भर के कालीन बाजार को भदोही लेकर आएंगे। कालीन उद्योग को हर तरह की मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने सिर्फ जातिवाद, क्षेत्रवाद और परिवारवाद के एजेंडे पर काम किया।

वर्ष के आखिरी दिन भदोही पहुंचे मुख्यमंत्री ने 16 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 179 करोड़ के एक्सपो मार्ट का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत स्थानीय स्तर की विशिष्ट पहचान को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ओडीओपी को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने तय किया है कि यूपी में कहीं पार्कों पर पत्थर लगाने की जरूरत पड़ेगी तो उसे मिर्जापुर से ही मंगवाया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।



कारपेट एक्सपो मार्ट में लाभार्थी को सिलाई मशीन देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### चार लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

योगी ने बताया कि प्रदेश में अब तक पौने चार लाख युवाओं को रोजगार मिल चुका है। सरकार के पांच साल पूरे होते-होते चार लाख युवाओं को रोजगार मिल जाएगा।

### पिछली सरकारों ने मजबूर, पीएम मोदी ने बनाया मजबूत भारत

पिछली सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 1947 से 2014 तक सरकारों ने मजबूर भारत बना दिया था, जबकि पीएम मोदी ने मजबूत भारत बनाया है। पहले की सरकारें क्या कर रही थीं? गरीबों को मकान, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन और किसान सम्मान निधि का लाभ क्यों नहीं दिया, उनके एजेंडे में किसान, गांव, गरीब, नौजवान व महिलाएं थी ही नहीं। उनके एजेंडे में सिर्फ जाति और परिवार था।